**भारत सरकार**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2798**
**उत्तर देने की तारीख 12.12.2024**

**एमएसएमई के माध्यम से रोजगार सृजन**

2798. **श्री सौमित्र खान:**
**श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी:**
**श्री उम्मेदा राम बेनीवाल:**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों द्वारा राज्य-वार विशेषकर पश्चिम बंगाल, राजस्थान और झारखंड में जिला-वार कितनी नौकरियां सृजित की गई हैं;

(ख) सरकार की सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम नीति का ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान राजस्थान, पश्चिम बंगाल और झारखंड में कितने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम शुरू हुए और कितने बंद हुए; और

(घ) क्या सरकार ने उक्त राज्यों में बंद हो चुके सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) का कोई सर्वेक्षण कराया है और यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

**(क):** उद्यम एवं उद्यम सहायता मंच (यूएपी) के अंतर्गत दिनांक 01/07/2020 से 30/11/2024 तक पश्चिम बंगाल, राजस्थान और झारखंड राज्यों के लिए राज्य-वार कुल रोजगार और जिले-वार रोजगार की जानकारी **अनुबंध-I** में दी गई है।

**(ख):** सरकार ने देश भर में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) हेतु नीतिगत सहायता के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, निम्नलिखित शामिल हैं:

i) एमएसएमई को परिभाषित करने के लिए नए संशोधित मानदंड। व्यापार करने में आसानी के लिए एमएसएमई हेतु "उद्यम पंजीकरण" दिनांक 1.7.2020 से प्रभावी।

ii) उद्यम पंजीकरण (यूआर) पोर्टल पूरी तरह से ऑनलाइन, कागज रहित और पारदर्शी एमएसएमई पंजीकरण प्रक्रिया प्रदान करेगा। एमएसएमई पंजीकरण के लिए कोई दस्तावेज या प्रमाण अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है। पंजीकरण के लिए केवल आधार संख्या और पैन ही पर्याप्त है।

iii) 200 करोड़ रुपये तक की खरीद के लिए कोई वैश्विक निविदा नहीं।

iv) शिकायत निवारण और एमएसएमई की पथ-प्रदर्शन सहायता सहित ई-गवर्नेंस के कई पहलुओं को शामिल करने के लिए जून, 2020 में एक ऑनलाइन पोर्टल "चैंपियंस" का शुभारंभ किया गया।

v) दिनांक 02.07.2021 से खुदरा और थोक व्यापारियों को एमएसएमई के रूप में शामिल करना।

vi) एमएसएमई की स्थिति में ऊर्ध्वाधर परिवर्तन होने पर गैर-कर लाभ 3 वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया।

vii) प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के लिए अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों (आईएमई) को औपचारिक दायरे में लाने के लिए दिनांक 11.01.2023 को उद्यम सहायता मंच (यूएपी) का शुभारंभ किया गया।

viii) एमएसएमई की सुविधा के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म और अन्य अभिनव तंत्रों के माध्यम से एमएसएमई के लिए ऋण की उपलब्धता में वृद्धि करने के लिए व्यापार प्राप्य ई-छूट प्रणाली (ट्रेड्स), एक इलेक्ट्रॉनिक मंच कई वित्तपोषकों के माध्यम से एमएसएमई के व्यापार प्राप्तियों की छूट की सुविधा प्रदान करता है। अपने व्यापार प्राप्तियों को नकदी में परिवर्तित करके अपनी कार्यशील पूंजी को अनलॉक करने हेतु भारत सरकार ने ट्रेड्स प्लेटफॉर्म पर अनिवार्य ऑनबोर्डिंग के लिए खरीदारों की कारोबार सीमा को 500 करोड़ रुपये से घटाकर 250 करोड़ रुपये करने की घोषणा की है।

**(ग):** दिनांक 01/04/2020 से 30/11/2024 तक राजस्थान, पश्चिम बंगाल और झारखंड राज्यों में उद्यम के अंतर्गत निर्मित और बंद किए गए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की संख्या **अनुबंध-II** में दी गई है।

**(घ):** तथापि, कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है, लेकिन उद्यम पंजीकरण पोर्टल (यूआरपी) के आंकड़ों के अनुसार, बंद होने के कारण लगभग 0.22% एमएसएमई का पंजीकरण रद्द कर दिया गया है।

******

**अनुबंध-I**

**दिनांक 12.12.2024 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2798 के भाग (क) के संदर्भ में उल्लिखित अनुबंध**

दिनांक 01/07/2020 से 30/11/2024 तक उद्यम और यूएपी के अंतर्गत रिपोर्ट किया गया राज्य-वार कुल रोजगार:

| क्र.सं. | राज्य | रोजगार |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 2,42,121 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1,19,19,494 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1,80,815 |
| 4 | असम | 51,43,753 |
| 5 | बिहार | 1,05,12,727 |
| 6 | चंडीगढ़ | 3,51,121 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 31,04,062 |
| 8 | दिल्ली | 69,21,438 |
| 9 | गोवा | 3,80,443 |
| 10 | गुजरात | 1,28,76,613 |
| 11 | हरियाणा | 67,25,257 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 10,98,497 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 24,72,422 |
| **14** | **झारखंड** | **41,97,957** |
| 15 | कर्नाटक | 1,90,67,433 |
| 16 | केरल | 46,05,200 |
| 17 | लद्दाख | 50,116 |
| 18 | लक्षद्वीप | 5,491 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 1,01,96,494 |
| 20 | महाराष्ट्र | 2,48,83,201 |
| 21 | मणिपुर | 6,19,924 |
| 22 | मेघालय | 1,80,912 |
| 23 | मिजोरम | 1,92,985 |
| 24 | नागालैंड | 2,01,351 |
| 25 | ओडिशा | 81,63,364 |
| 26 | पुदुचेरी | 3,16,290 |
| 27 | पंजाब | 72,16,205 |
| **28** | **राजस्थान** | **1,32,60,870** |
| 29 | सिक्किम | 85,395 |
| 30 | तमिलनाडु | 2,40,82,651 |
| 31 | तेलंगाना | 1,30,46,827 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 2,26,611 |
| 33 | त्रिपुरा | 8,18,982 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 2,29,27,485 |
| 35 | उत्तराखंड | 19,37,116 |
| **36** | **पश्चिम बंगाल** | **1,55,85,387** |
| | कुल:- | 23,37,97,010 |

**अनुबंध-I जारी**

पश्चिम बंगाल राज्य के लिए दिनांक 01/07/2020 से 30/11/2024 तक उद्यम और यूएपी केअंतर्गत रिपोर्ट किए गए जिले-वार कुल रोजगार:

| **क्र.सं.** | **जिला** | **रोजगार** |
|---|---|---|
| 1 | अलीपुरद्वार | 1,69,263 |
| 2 | बांकुड़ा | 2,02,868 |
| 3 | बिरभूम | 4,47,288 |
| 4 | कूचबिहार | 7,76,356 |
| 5 | दक्षिण दिनाजपुर | 3,15,301 |
| 6 | दार्जिलिंग | 3,49,420 |
| 7 | पूर्वी मेदिनीपुर | 7,22,687 |
| 8 | हुगली | 6,79,317 |
| 9 | हावड़ा | 8,83,066 |
| 10 | जलपाईगुड़ी | 9,03,594 |
| 11 | झारग्राम | 52,325 |
| 12 | कलिम्पोंग | 17,717 |
| 13 | कोलकाता | 17,41,727 |
| 14 | मालदा | 9,59,204 |
| 15 | मुर्शिदाबाद | 11,33,471 |
| 16 | नादिया | 8,44,246 |
| 17 | उत्तर 24 परगना | 18,13,784 |
| 18 | पश्चिम बर्धमान | 4,04,215 |
| 19 | पूर्व बर्धमान | 5,75,995 |
| 20 | पुरुलिया | 1,52,995 |
| 21 | दक्षिण 24 परगना | 11,93,441 |
| 22 | उत्तर दिनाजपुर | 5,13,434 |
| 23 | पश्चिम मेदिनीपुर | 7,33,673 |
|  | **कुल :-** | **1,55,85,387** |

**अनुबंध-I जारी**

राजस्थान राज्य के लिए दिनांक 01/07/2020 से 30/11/2024 तक उद्यम एवं यूएपी के अंतर्गत रिपोर्ट किया गया जिले-वार कुल रोजगार:

| क्र.सं. | जिला | रोजगार |
|---|---|---|
| 1 | अजमेर | 6,15,953 |
| 2 | अलवर | 8,17,827 |
| 3 | अनूपगढ़ | 16,963 |
| 4 | बालोतरा | 26,058 |
| 5 | बांसवाड़ा | 1,91,762 |
| 6 | बारां | 1,80,677 |
| 7 | बाड़मेर | 3,24,306 |
| 8 | ब्यावर | 21,191 |
| 9 | भरतपुर | 2,65,854 |
| 10 | भीलवाड़ा | 11,47,260 |
| 11 | बीकानेर | 4,22,160 |
| 12 | बूंदी | 1,50,652 |
| 13 | चित्तौड़गढ़ | 3,23,385 |
| 14 | चुरू | 2,84,844 |
| 15 | दौसा | 2,36,643 |
| 16 | डीग | 8,554 |
| 17 | धौलपुर | 1,02,093 |
| 18 | डीडवाना कुचामन | 23,420 |
| 19 | डूडू | 4,138 |
| 20 | डूंगरपुर | 1,31,107 |
| 21 | गंगानगर | 3,35,694 |
| 22 | गंगापुर सिटी | 8,548 |
| 23 | हनुमानगढ़ | 3,01,349 |
| 24 | जयपुर | 24,67,769 |
| 25 | जयपुर ग्रामीण | 69,985 |
| 26 | जैसलमेर | 98,349 |
| 27 | जालौर | 1,37,951 |
| 28 | झालावाड़ | 1,79,194 |
| 29 | झुंझुनूं | 3,12,298 |
| 30 | जोधपुर | 7,85,162 |
| 31 | जोधपुर ग्रामीण | 19,222 |
| 32 | करौली | 89,200 |
| 33 | केकरी | 9,249 |
| 34 | खैरथल-तिजारा | 13,705 |
| 35 | कोटा | 4,39,037 |
| 36 | कोटपुतली-बेहरोड़ | 30,011 |
| 37 | नागौर | 4,14,255 |
| 38 | नीम का थाना | 12,250 |
| 39 | पाली | 3,01,075 |
| 40 | फलौदी | 19,253 |
| 41 | प्रतापगढ़ | 85,796 |
| 42 | राजसमंद | 2,66,656 |
| 43 | सलूंबर | 3,154 |

अनुबंध-I जारी

| क्र.सं. | जिला | रोजगार |
|---|---|---|
| 44 | सांचौर | 6,799 |
| 45 | सवाई माधोपुर | 1,21,988 |
| 46 | शाहपुरा | 6,890 |
| 47 | सीकर | 5,51,121 |
| 48 | सिरोही | 1,24,227 |
| 49 | टोंक | 2,14,272 |
| 50 | उदयपुर | 5,41,564 |
| | कुल :- | 1,32,60,870 |

झारखंड राज्य के लिए दिनांक 01/07/2020 से 30/11/2024 तक उद्यम और यूएपी के अंतर्गत रिपोर्ट किया गया जिले-वार कुल रोजगार:

| क्र.सं. | जिला | रोजगार |
|---|---|---|
| 1 | बोकारो | 2,76,879 |
| 2 | चतरा | 3,33,897 |
| 3 | देवघर | 1,38,650 |
| 4 | धनबाद | 3,52,462 |
| 5 | दुमका | 1,10,261 |
| 6 | पूर्वी सिंहभूम | 4,72,631 |
| 7 | गढ़वा | 1,93,017 |
| 8 | गिरिडीह | 2,04,093 |
| 9 | गोड्डा | 1,21,713 |
| 10 | गुमला | 45,938 |
| 11 | हज़ारीबाग | 2,33,714 |
| 12 | जामताड़ा | 39,627 |
| 13 | खूंटी | 23,640 |
| 14 | कोडरमा | 84,159 |
| 15 | लातेहार | 42,086 |
| 16 | लोहरदगा | 47,390 |
| 17 | पाकुर | 98,758 |
| 18 | पलामू | 2,07,780 |
| 19 | रामगढ़ | 1,38,296 |
| 20 | रांची | 6,54,436 |
| 21 | साहेबगंज | 80,240 |
| 22 | सरायकेला-खरसावां | 1,40,319 |
| 23 | सिमडेगा | 66,912 |
| 24 | पश्चिम सिंहभूम | 91,059 |
| | कुल:- | 41,97,957 |

अनुबंध-II

दिनांक 12.12.2024 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2798 के भाग (ग) के संदर्भ में उल्लिखित अनुबंध

दिनांक 01/04/2020 से 30/11/2024 तक उद्यम के अंतर्गत शामिल की गए वित्तीय वर्ष-वार कुल एमएसएमई:

| वित्तीय वर्ष | पश्चिम बंगाल | झारखंड | राजस्थान |
|---|---|---|---|
| 2020-21 | 1,11,511 | 56,731 | 2,36,003 |
| 2021-22 | 1,28,798 | 63,057 | 2,36,940 |
| 2022-23 | 1,56,526 | 71,686 | 2,69,777 |
| 2023-24 | 1,83,330 | 64,055 | 2,63,689 |
| 2024-25 | 99,685 | 31,997 | 1,39,369 |
| कुल:- | **6,79,850** | **2,87,526** | **11,45,778** |

दिनांक 01/07/2020 से 30/11/2024 तक उद्यम के अंतर्गत वित्तीय वर्ष-वार कुल बंद एमएसएमई:

| वित्तीय वर्ष | पश्चिम बंगाल | झारखंड | राजस्थान |
|---|---|---|---|
| 2020-21 (01/07/2020 - 31/03/2021) | 17 | - | 11 |
| 2021-22 | 153 | 134 | 312 |
| 2022-23 | 363 | 251 | 1,068 |
| 2023-24 | 686 | 365 | 1,682 |
| 2024-25 (01/04/2024 - 30/11/2024) | 905 | 398 | 2,099 |
| कुल:- | **2,124** | **1,148** | **5,172** |